# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## Atomic Energy Education Society
### टर्म-1 /Term-I Examination 2025 - 26

**कक्षा / Class : 6 (छठवीं)** **अवधि / Duration : 3 घंटा**

**विषय / Subject : हिन्दी** **अधिकतम अंक / Maximum Marks :80**

---

**सामान्य निर्देश/General Instructions :**

i) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

ii) इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं: क, ख, ग और घ।

iii) सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से निर्देशानुसार लिखिए।

iv) सभी प्रश्नों के उत्तर देते समय दिए गए निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से कीजिए।

---

**(खण्ड-क)**

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1x7=7)**

पर्यावरण वह सब कुछ है जो हमारे चारों ओर है – जैसे कि पेड़-पौधे, नदियाँ, पहाड़, हवा, जल और जानवर। स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण में ही हम अच्छे स्वास्थ्य के साथ रह सकते हैं। यदि हम पर्यावरण को गंदा करेंगे, तो इससे अनेक बीमारियाँ फैल सकती हैं। पेड़ हमारे लिए ऑक्सीजन बनाते हैं और वायु को शुद्ध करते हैं। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। प्लास्टिक का कम उपयोग करना चाहिए और कचरे को कूड़ेदान में डालना चाहिए। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।

1. पर्यावरण में कौन-कौन सी चीजें शामिल हैं?

क) केवल पेड़-पौधे ख) केवल जानवर

ग) केवल पहाड़ घ) पेड़-पौधे, नदियाँ, हवा, जानवर आदि

2. पर्यावरण को स्वच्छ रखने से हमें क्या लाभ होता है?

क) खाना अच्छा बनता है ख) बीमारी फैलती है

ग) अच्छे स्वास्थ्य में रह सकते हैं घ) घर सुंदर लगता है

3. पेड़ हमें क्या देते हैं?

क) भोजन	ख) ऑक्सीजन	ग) पानी	घ) गर्मी

4. पर्यावरण को गंदा करने से क्या होता है?

क) फूल खिलते हैं	ख) बारिश होती है	ग) बीमारियाँ फैलती हैं	घ) सब ठीक रहता है

5. हमें कचरा कहाँ डालना चाहिए?

क) सड़क पर	ख) नदी में	ग) कूड़ेदान में	घ) पेड़ के नीचे

6. प्लास्टिक का उपयोग हमें क्यों कम करना चाहिए?

क) क्योंकि वह महँगी होती है	ख) क्योंकि वह सुंदर नहीं दिखती

ग) क्योंकि वह पर्यावरण को नुकसान पहुँचाती है	घ) क्योंकि वह हल्की होती है

7. पर्यावरण की रक्षा करना किसका कर्तव्य है?

क) केवल सरकार का	ख) केवल बच्चों का	ग) केवल बुजुर्गों का	घ) हम सभी का

**प्रश्न-2. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1x7=7)**

सुबह-सुबह जब सूरज निकला,
नभ में रंग सुनहरा छाया।
ठंडी-ठंडी चली पवन थी,
हर पत्ता मुस्कराया।
पंछी बोले चहक-चहक कर,
नदियाँ बहती जाती थीं ।
फूलों ने भी अंगड़ाई ली,
हरियाली मुस्काती थी।
बच्चे भागे बाग़ की ओर,
झूले पर झूमें सारे।
सुबह की ये मीठी वेला,
लगती सबसे प्यारी प्यारे।

1. सूरज निकलने पर आकाश कैसा हो गया?

क) काला　　ख) सुनहरा　　ग) नीला　　घ) सफेद

2. ठंडी हवा चलने से क्या हुआ?

क) पत्ते झड़ गए　　ख) फूल मुरझा गए　　ग) पत्ते मुस्कराए　　घ) बारिश होने लगी

3. पंछी कैसे बोल रहे थे?

क) गुस्से में　　ख) चुपचाप　　ग) चहक-चहक कर　　घ) डर कर

4. नदियाँ क्या कर रही थी?

क) रुक गई थीं　　ख) बहती जा रही थीं　　ग) सूख गई थीं　　घ) उबल रही थीं

5. फूलों ने क्या किया?

क) अंगड़ाई ली　　ख) गिर गए　　ग) मुरझा गए　　घ) बंद हो गए

6. बच्चे कहाँ गए?

क) स्कूल　　ख) नदी　　ग) खेत　　घ) बाग़ की ओर

7. कविता में सुबह को कैसे बताया गया है?

क) डरावनी　　ख) सबसे प्यारी　　ग) गंदी　　घ) शोर वाली

**(खण्ड-ख)**

**प्रश्न-3. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।　　(1x20=20)**

(i) 'घर-घर' का अर्थ है-

(क) हर घर　　(ख) प्रत्येक घर　　(ग) क और ख दोनों　　(घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'भूमि' में 'रण' शब्द जोड़ने पर नया शब्द क्या बनेगा?

(क) रण-भूमि　　(ख) रोण-भूमि　　(ग) तप भूमि　　(घ) देव भूमि

(iii) शब्द-युग्म में दो शब्दों के बीच में जो छोटी सी रेखा लगाई जाती है उसे क्या कहते हैं?

(क) पूर्ण विराम (।)　　(ख) योजक चिन्ह (-)　　(ग) अल्प विराम (,)　　(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) ‘हार’ शब्द का विलोम है-

(क) दौड़ना (ख) चलना (ग) जीत (घ) इनमें से सभी

(v) निम्नलिखित जोड़ों में से किसमें एक ही शब्द दो बार उपयोग में लाया गया है-

(क) जैसे-जैसे (ख) खान-पान (ग) बच्चे-बूढ़े (घ) इनमें से सभी

(vi) विपरीत शब्द युग्म की पहचान कीजिए -

(क) बच्चे-बच्चा (ख) जैसे-जैसे (ग) अच्छा-बुरा (घ) इनमें से कोई नहीं

(vii) निम्नलिखित में से ‘जलधर’ किसे कहा गया है-

(क) समुद्र (ख) बादल (ग) क और ख दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(viii) ‘आँख’ का पर्यायवाची शब्द है-

(क) नमन (ख) नमक (ग) अश्रु (घ) नयन

(ix) जल को धारण करने वाला -------------

(क) चक्रधर (ख) जलधर (ग) मुरलीधर (घ) गिरिधर

(x) आँसू का समानार्थी शब्द है-

(क) अश्रु (ख) आँख (ग) नयन (घ) अंबर

(xi) आसमान का समानार्थी शब्द है-

(क) नयन (ख) पृथ्वी (ग) धरती (घ) अंबर

(xii) ‘फूले न समाना’ मुहावरे का अर्थ है-

(क) ईर्ष्या करना (ख) बहुत खुश होना (ग) कायल होना (घ) इनमें से कोई नहीं

(xiii) 'तरुवर' का अर्थ है -

(क) पेड़ (ख) वृक्ष (ग) तना (घ) क और ख दोनों

(xiv) निशा का अर्थ है-

(क) दिन (ख) रात (ग) दिवस (घ) दोपहर

(xv) सवेरा का अर्थ है-

(क) सुबह (ख) रात (ग) शाम (घ) दिवस

(xvi) <u>ध्यानचंद</u> को 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है| रेखांकित शब्द में कौन सी संज्ञा है?

(क) व्यक्ति वाचक (ख) जाति वाचक (ग) समूह वाचक (घ) भाव वाचक

(xvii) निम्नलिखित में से मन के भाव हैं-

(क) प्रसन्नता (ख) डर (ग) निराशा (घ) इनमें से सभी

(xviii) "पानी गए न उबरै" में 'पानी' शब्द का अर्थ है-

(क) सम्मान (ख) जल (ग) चमक (घ) इनमें से सभी

(xix) वह तिथि जिस रात चंद्रमा पूरा दिखाई देता है -

(क) पूर्णिमा (ख) अमावस्या (ग) एकादशी (घ) द्वादशी

(xx) वह तिथि जिस रात चंद्रमा दिखाई नहीं देता है -

(क) द्वादशी (ख) एकादशी (ग) अमावस्या (घ) पूर्णिमा

**(खण्ड-ग)**

**प्रश्न-4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1+2+2)**

माँ को अपने बेटे और किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर जो आनंद आता है, वही आनंद बाबा भारती को अपना घोड़ा देखकर आता था। भगवत भजन से जो समय बचता, वह घोड़े को अर्पण हो जाता। वह घोड़ा बड़ा सुंदर था, बड़ा बलवान। उसके जोड़ का घोड़ा सारे इलाके में न था। बाबा भारती उसे सुलतान कह कर पुकारते, अपने हाथ से खरहरा करते, खुद दाना खिलाते और देख-देखकर प्रसन्न होते थे। उन्होंने रुपया, माल, असबाब, ज़मीन आदि अपना सब-कुछ छोड़ दिया था, यहाँ तक कि उन्हें नगर के जीवन से भी घृणा थी। अब गाँव से बाहर एक छोटे-से मंदिर में रहते और भगवान का भजन करते थे। "मैं सुलतान के बिना नहीं रह सकूँगा", उन्हें ऐसी भ्रांति-सी हो गई थी। वे उसकी चाल पर लट्टू थे।

1. प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

2. बाबा भारती ने सुल्तान के लिए क्या-क्या छोड़ दिया था?

**3.** बाबा भारती को क्या भ्रम था?

**प्रश्न-5. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1+2+2)**

वह पावस का प्रथम दिवस जब,
पहली बूँद धरा पर आई।
अंकुर फूट पड़ा धरती से,
नव-जीवन की ले अँगड़ाई ||
धरती के सूखे अधरों पर,
गिरी बूँद अमृत-सी आकर।
वसुंधरा की रोमावलि -सी,
हरी दूब पुलकी - मुसकाई ।
पहली बूँद धरा पर आई ।।

1. ‘पहली बूँद’ कविता के रचयिता कौन हैं ?

2. जब पहली बूँद धरती पर गिरी तब उसे कैसा अनुभव हुआ ?

3. ‘पावस का प्रथम दिवस’ का क्या अर्थ है?

**प्रश्न-6. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में दीजिए। (3x2=6)**

(i) लोगों ने मेजर ध्यानचंद को ‘हॉकी का जादूगर’ क्यों कहना शुरू कर दिया ?

(ii) बाबा भारती ने डाकू खड़गसिंह से कौन सा वचन लिया?

(iii) ‘पहली बूँद’ कविता में आकाश और बादलों को किनके समान बताया गया है?

(iv) सच्चे मित्रों की क्या पहचान होती है?

**प्रश्न-7. निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर 25-35 शब्दों में दीजिए। (4x3=12)**

(i) किन बातों से पता चलता है कि ध्यानचंद स्वयं से पहले दूसरों को रखते थे ?

(ii) बाबा भारती तथा डाकू खड्गसिंह के आँसुओं में क्या अंतर था?

(iii) प्रकृति हमें क्या सीख देती है? रहीमदास के दोहे के आधार पर बताइए।

(iv) बिस्मिल को साहसी बनाने में उनकी माता जी ने कैसे सहयोग दिया?

(v) ‘जलाते चलो’ कविता में किसे जलाने और किसे बुझाने की बात कही गई है?

**प्रश्न-8. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में दीजिए। (2x4=8)**

(i) आपको कौन से खेल और कौन से खिलाड़ी सबसे अधिक अच्छे लगते हैं? क्यों?

(ii) आपको कौन सी ऋतु सबसे अधिक प्रिय है और क्यों? बताइए।

(iii) हम कैसे कह सकते हैं कि बिस्मिल की माँ स्वतंत्र और उदार विचारों वाली थीं ?

## (खण्ड-घ)

**प्रश्न-9. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए-** **(5)**

i. अवकाश प्राप्ति हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

ii. अपने मित्र को जन्मदिन पर बधाई पत्र लिखिए।

**प्रश्न-10. किसी एक विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** **(5)**

i. वर्षा ऋतु                ii. स्वतंत्रता दिवस

---*****---